Shri A. N. Mulla: You say that in the morning you had decided that there would be no arrest. I take it that you made an earlier statement also before the Chief Secretary. Did you make this statement there?

Shri S. C. Vaish: I do not think so.

Shri A. N. Mulla: Why?

Shri S. C. Vaish: The Chief Secretary had asked me a number of questions and I had replied in detail. Perhaps I did not mention this.

Shri A. N. Mulla: I take it that you did not consider it important that you should mention that fact there, but you consider it important that you should mention it here.

Now, at about 5.15 P.M., you say you were near the Police Station and you came to know that Swami Brahmanand was detained there at the Police Station....

Shri S. C. Vaish: Not detained.

Shri A. N. Mulla: ....was present at the Police Station. You did not consider it necessary to find out for yourself the nature of his being there, whether he was detained or not, but you were only listening to reports that were coming to you. Why?

Shri S. C. Vaish: The police had told me that he was sitting there on his own free will.

Shri A. N. Mulla: My question is this. Because an M.P., under extraordinary circumstances, was at the Police Station and it was

not definite whether he was detained or not detained, you did not care to find out for yourself whether he was detained or he was voluntarily sitting there in the Police Station?

Shri S. C. Vaish: I did not go to the Police Station. As soon as I informed my Deputy Commissioner and he ordered me to tell the Home Ministry about it, I proceeded to contact Mr. Arora.

Shri A. N. Mulla: So far as your personal knowledge of this affair is concerned, it is absolutely nil?

Shri S. C. Vaish: Yes, Sir.

Shri A. N. Mulla: All that you have deposed is what you heard from others.

Shri S. C. Vaish: Yes, Sir.

Shri Bal Raj Madhok: The Chief Secretary in his report which he submitted after interviewing all officers including yourself, says:

> "On 5-4-67, at about 3 P.M., about 180 of his followers collected there. He—Swamiji—exhorted them to remain peaceful. The Policemen were lined up along the outer wall of Parliament estate. The Police officers on duty urged them to enter the van which they did. Later, they told him that he should not go in the Police van in view of high public office held by him and he was persuaded to get into a taxi along with one of his followers. He was accompanied by two policemen."

You say that they voluntarily got into the truck. This report has been submitted by the Chief Secretary after getting the evidence of all the officers including yourself. How does this discrepancy come here?

Shri S. C. Vaish: My knowledge of this affair came from two sources: one at Regal Park when at about 4.15 a messenger came from Parliament House and said that they got into the truck; secondly, at 5.30 when I went to the Parliament Street Court, there I heard that Swami Brahmanand and his followers were at the Thana.

Shri Hem Raj: In your statement before the Chief Secretary, you have stated that you contacted Mr. Chaudhry DSP and Mr. Chaudhry informed you that he learnt that Swami Brahmanand had been arrested, but you gave him the information that he was

not under arrest. Did you try to ascertain the facts before you gave this information to Mr. Chaudhry that the Speaker should be informed that he was not under arrest?

Shri S. C. Vaish: No, Sir; the entire details as to what happened since Swami Brahmanand got into the truck and came to the Police Station, I did not ascertain.

Shri Hem Raj: Why did you inform Mr. Chaudhry that he should inform the Speaker that no arrest had been made, without ascertaining the facts?

Shri S. C. Vaish: At 5.30 the Parliament Street Police Station reported to me that Swamiji was sitting in the Thana and he was free to leave and he was not leaving. On that basis, I reported that he was not under arrest.

Shri Hem Raj: Even after giving this information, did you try to ascertain the facts?

Shri S. C. Vaish: Then I went to the Home Ministry and then compiled a report on Bakshi Jag Dev Singh's arrest. At 9 O' clock I checked from the Thana whether they were there.

Shri J. Mohamed Imam: Before the Swamiji got into the taxi, did any officer tell Swamiji that he was free to move wherever he wanted and there was no need to get into the taxi?

Shri S. C. Vaish: I do not know.

Shri P. Ramamurti: At abou 5t15 P.M. you say that you were directed to contact the Home Ministry and give them some information in connection with this so-called arrest or alleged arrest or whatever it is. What was the information that you were asked to give to the Home Ministry at that time?

Shri S. C. Vaish: That the Swamiji is at the Police Station; he is free to leave and that he is not under arrest.

Shri P. Ramamurti: What was the need to inform the Home Ministry of this, I cannot understand. The moment somebody is in the Police Station, immediately you go and inform the Home Ministry. Why should the Home Ministry be disturbed like this? Was it a case where you wanted to consult to make it clear whether he should be continued to be detained? It is a strange thing that the moment somebody is in the Police Station, a senior officer like District Magistrate is asked to run to the Home Ministry imme-

diately. It is a very strange thing. Nobody has heard of this. Can you tell me what you were asked to convey to the Home Ministry? That information could have been conveyed over the phone. Is it necessary to run after him, whatever that gentleman's name is?

Shri S. C. Vaish: The Deputy Commissioner's order to me was that I should meet Mr. Arora, the Deputy Secretary and inform him that the Swamiji is at the Police Station and that he is not under arrest. If Mr. Arora wanted a report on this in writing I should give him in writing. When I informed him about this he said that he did not want a report in writing and I left.

Shri Ramamurti: The Officer, that is the D.S.P., who reported to the Speaker that the Swamiji had been arrested, was present at the spot. You were not present at the spot. You directed the person who was present on the spot and who had made a report to the Speaker that the Swamiji had been arrested to withdraw his earlier statement and to go to the Speaker and make another statement to the effect that the Swamiji was not under arrest, though he had made his earlier report to the Speaker on the basis of what he really saw. Am I correct?

Shri S. C. Vaish: I had contacted Shri Chaudhry, the D.S.P., only to seek his assistance to meet Mr. Arora in the Rajya Sabha Gallery. When Mr. Arora could not be traced and I was leaving, Mr. Chaudhry informed me that he had already reported to the Speaker about the arrest of Swamiji. I informed him that, as far as my instructions went, the Swamiji was not under arrest and this was what I was going to convey to Mr. Arora. I requested Mr. Chaudhry that if possible the Speaker should be informed that the Swamiji is not under arrest.

Shri P. Ramamurti: Obviously, if Mr. Chaudhry who had witnessed the incidence and who had reported the matter of arrest to the Speaker had told you that the Swamiji was under arrest, it was for you to report to the Deputy Commissioner that here was the officer who saw that the Swamiji had been arrested and who had reported it to the Speaker. Instead, you give a directive to the person to take back that report. Why is this discrepancy? It is a very strange position. Am I to understand that having made the arrest later on you made up your mind that he was not to have been arrested and in order to cover up this, you put up a cock and bull story?

Shri S. C. Vaish: No, Sir.

Shri Hem Raj: Mr. Chaudhry came to know about this arrest in person. Was he present at that time?

Shri S. C. Vaish: As far as I remember, it was reported to Mr. Chaudhary by one of his staff. He was not present.

Shri H. N. Mukherjee: You had no personal knowledge of what exactly happened. Round about 3 O' clock on 5 April according to the Report of your Chief Secretary the Police Officers on duty had urged the demonstrators including the Swamiji Brahmanandji to enter the police van.

Shri S. C. Vaish: No.

Shri H. N. Mukherjee: At some point of time I take it you had been asked that you have to contact Mr. Arora who is Deputy Secretary in the Home Ministry and perhaps ask his advice. It is stated in paragraph 5 here that between 3 P.M. roughly and 5.30 P.M. roughly a situation had been created which required your exercise of patience and tact and your having to consult the higher official in the Home Ministry. On your evidence between 3 and 5.30 P.M. Swami Brahmanand was in police custody.

Shri S. C. Vaish: The first information to me was at about 4.15 at Regal Park that Swamiji and his followers had got into the truck. At that time the instructions were that they were at liberty to go whenever they liked. The second time when I finished my work at Regal Park and came to Parliament Street, the information available to me was that the Swamiji and his followers were at the Police Station and though they were told that they were free to leave when they liked they were not leaving. Then I rang up the Deputy Commissioner. Then the instruction was issued to me to inform the Home Ministry.

Shri H. N. Mukherjee: I am not trying to put the blame on you. I just want to know the sequence of events.

Shri S. C. Vaish: In between the two, that is, 4.15 information and 5.30 information, I was at Regal Park handling the situation there and the details of happenings at Parliament House were not available to me.

Shri H. N. Mukerjee: You did not know what had happened. Round about 3 o' clock some people including Swami Brahmanand had got into the Police van or truck and till about 5.30 or a little later they were still in police custody.

Shri S. C. Vaish: That is my information.

Shri H. N. Mukherjee: When you came to the Parliament House, you were told that the Speaker had been told of the arrest of Swami Brahmanand. Did you have any knowledge as to whether an arrest had been made or not before you told Mr. Arora that there had been no arrest?

Shri S. C. Vaish: When at 5.30 I went to the Parliament Street Court and it was reported to me that the Swamiji was sitting in the Police Station, I checked up with the Police station as to the position. They said that the Swamiji and his followers were sitting there and they were under no restriction to leave whenever they liked. Then I informed the Deputy Commissioner about this, who instructed me to inform Mr. Arora, the Deputy Secretary in the Home Ministry about this. When I came to Parliament House to meet Mr. Arora in the Rajya Sabha Gallery, Mr. Chaudhary, the D.S.P. told me that the Speaker had already been informed about this arrest.

Shri H. N. Mukherjee: You had no personal information, but you had the second hand knowledge that Swamiji and his followers had forced their way into the Police conveyance. Is it the position that whether he is a Member of Parliament or even one happens to be a Member of the Cabinet or an ordinary citizen of the country one can force his way into the Police van or truck? I would rather go in a Police truck and not pay for it, if that is so. What is the commonsense view of the matter? What is the Police view of the matter? What is the procedure in this matter? I am eager to know the morals, the manners and the fashion in regard to such things.

Shri S. C. Vaish: The truck was there at the Parliament House. In regard to agitations—Goldsmith agitation, the ban cow-slaughter movement—groups of people come to Parliament House to voluntarily offer arrest, to break Sec. 144 and offer for being arrested. The trucks are being parked there. Generally we have had no unpleasant incidents in these agitations; they come in very organised form wherever the line of 144 restriction extends and when they cut across the line, then they are directed to sit in the trucks. They go very

calmly and peacefully. There has never been unpleasantness on this occasion. And as soon as they cross that line, we make a general announcement that "since you are breaking 144 law, you are under arrest. Please get into the trucks." Then they get into the trucks.

Mr. Chairman: You had not declared that since they had broken 144, they should get into the trucks? Otherwise, when trucks are standing there, nobody can get into them just for a free ride?

Shri S. C. Vaish: No, Sir.

H. H. Manabendra Shah: In this case, no announcement was made that 144 has been broken and that they should walk into the vans.

Shri S. C. Vaish: I have no information. But, I am told that no announcement was made.

Shri Bal Raj Madhok: By implication you admit that in this particular case too when demonstrators were there and they wanted to break 144, they must have been asked to get into the trucks. The normal practice is that if demonstrations are held before the Parliament House, there is a line beyond which they cannot cross. If it is a peaceful thing, nobody bothers about it. But, if they break the law, then they are asked to get into the trucks. They assume that they are under arrest and they get into the trucks. In this case, if they go into the trucks, it is to be assumed that they must have been asked to get into the trucks. Is this assumption wrong?

Shri S. C. Vaish: I believe that oral order of informing them that they are under arrest and that they should get into the trucks was not made there.

Shri Bal Raj Madhok: You have stated that there were trucks. The trucks could not have come there voluntarily. Somebody must have directed those trucks to come there. The people sitting there could not have got into the trucks on their own sweet will. Somebody must have given direction to the trucks to go over there. The direction must have been given. Without direction, the trucks could not have gone there.

Shri S. C. Vaish: I have no information about the direction.

Shri P. Ramamurti: When Section 144 was in force you people knew that there was going to be some sort of a satyagraha against Cow slaughter opposite Parliament House. So, in the morning, when you decided that there should be no arrest on that day, what did you propose to do? When there was going to be a demonstration,

did you believe that the demonstrations can continue for ever? And the police would not interfere with that. Does it mean that you decided not to arrest them? Obviously you should have decided to do something when there were people breaking Sec. 144. Were you not going to disperse them by force or were you going to let them shout to their heart's content till 6 P.M.? Is that your contention?

Shri S. C. Vaish: We did not anticipate any disturbance or violence there.

Shri P. Ramamurti: I am not saying that you did not anticipate disturbance. When you decided not to arrest these people, did you decide on that day that these demonstrations could continue as if there was no Sec. 144 order? And they could remain there. You let them go on shouting to their heart's content. What had you decided then?

Shri S. C. Vaish: If the demonstrators continue to shout slogans near the Parliament House (Irwin Statue) we let it continue.

Shri P. Ramamurti: Then, where was the need for the police trucks being sent there? 180 people were there. Obviously the police trucks must have sufficient capacity to accommodate those 180 people. They could not have been put in one truck. Sufficient trucks must have been there to accommodate these 180 people. When you have decided not to arrest these people, where was the need for the police vans to be sent there?

Shri S. C. Vaish: We did not anticipate any disturbance or violence there.

Shri P. Ramamurti: When you did not anticipate any disturbance or violence, why did you send those trucks? When you were not going to make any arrest and obviously when you needed the trucks for duty in other places, why did you send sufficient number of trucks in order to accommodate these 180 people together with the police escorts? Where was the need for you to send these trucks?

Shri S. C. Vaish: We were prepared....

Shri P. Ramamurti: Prepared for what?

Shri S. C. Vaish: We did not anticipate any trouble. And we were prepared to keep the situation within our control.

Shri P. Ramamurti: You were allowing them to go on shouting to their heart's content. There is something in this. Your statement,

on the face of it, does not seem to be a straightforward statement. Excuse me to say this.

Shri S. C. Vaish: If in a peaceful demonstration they tried to force their entry into the Parliament House gate, we would then take them into custody. There have been one or two instances. In my time, when I was posted here for three or four years, peaceful demonstrators had tried to break the line and tried to enter beyond that iron gate. We have always arrested such demonstrators. If these 180 people, apart from shouting slogans at the traffic island had advanced towards that iron gate and put in any pressure upon us, we would have arrested them.

Shri P. Ramamurti: Had you any policemen posted there?

Shri Vaish: I do not know, Sir.

Shri H. H. Manabendra Shah: I understand that you were in overall charge of the Parliament House.

Shri S. C. Vaish: I was A.D.M. (South District).

H. H. Manabendra Shah: You should have posted some official at that time in Parliament House.

Shri S. C. Vaish: There was no official posted at that time.

H. H. Manabenra Shah: You must have put in somebody in charge.

Shri S. C. Vaish: There was a magisterial officer at Regal Park and not at the Parliament House gate at that time.

(The witness then withdrew)

Evidence of Sub-Inspector Hari Bhushan

(Shri Hari Bhushan, Sub-Inspector was called in)

Shri Hari Bhushan: I, Hari Bhushan, do swear in the name of God that the evidence which I shall give in this case shall be true, that I will conceal nothing and that no part of my evidence shall be false.

Mr. Chairman: Will you be able to express yourself in English?

श्री हरिभूषण : मैं हिन्दी में बोल सकूंगा ।

सभापति महोदय : 5 अप्रैल को पार्लियामेन्ट हाउस के सामने काऊ स्लाटर बन्द करने के लिये स्वामी जी और कई दूसरे सत्याग्रही जब सत्याग्रह आफ़र कर रहे थे और उन को पुलिस वैन में चढ़ा कर पुलिस स्टेशन ले जाया गया उस दिन आप वहां पर थे ?

श्री हरि भूषण : जी हां, मैं था ।

सभापति महोदय : क्या घटना हुई थी ?

श्री हरि भूषण : सुबह 9 बजे से मेरे साथ एक हैड कांस्टबल और 15 कांस्टेबल की ड्यूटी अक्सर यहां लगाई जाती है । आप यह समझिये कि यह ड्यूटी सुबह से ले कर शाम तक होती है । थाने के दो आदमियों की ड्यूटी लगाई जाती है । मेरी और ए०एस०आई० श्याम लाल दोनों की ड्यूटी थी उस दिन । धीरे धीरे स्वामी जी के साथ कुछ आदमी इस चैमरी में इकट्ठे होने लगे । 2 से 3 बजे के बीच में कोई 150 से 200 आदमी इकट्ठे हो गये । 3 या सवा 3 बजे के करीब स्वामी जी उठे और उन्होंने अपने आदमियों को कुछ इंस्ट्रक्शन्स दिये । उसके बाद उन्होंने एक आध नारे लगाये । हम लोग गेट के पास बैठ थे । गेट के पास मेरी ड्यूटी थी, मेरी ड्यूटी यह थी कि हम भीतर किसी को न घुसने दें । इसके बाद नारे लगाने के लिये स्वामी जी ने इशारा किया। स्वामी जी सबसे पहले आदमी थे जो जेल वैन में चढ़ गये। उसके बाद श्यामलाल ने उनसे काफी रिक्वेस्ट की कि आप लोग उतर जाइये, आप इस में मत जाइये । उस के बाद स्वामी जी कहने लगे कि मैं थाने ही चलूंगा, मैं अरेस्ट हूं । इसके बाद श्याम लाल ने कहा कि मैं आफिसर्स को इतला दे देता हूं रीगल पार्क में जाकर जहां कलकत्ता के बारे में मीटिंग हो रही थी । इसके बाद श्यामलाल चले गये मैं वहां ही रहा । मैंने स्वामी जी से कहा कि आप उतर आइये क्योंकि हमने आप को न अरेस्ट किया है न वार्निंग दी है । स्वामीजी कहने लगे कि मैं नहीं जाऊंगा । पार्लियामेंट स्ट्रीट के जो एस०एच०ओ० छाबड़ा हैं उन्होंने कहा कि इस वक्त रीगल पार्क में दो गाड़ियों की जरूरत है क्योंकि वहां झगड़ा होने का अन्देशा है और दो गाड़ियां फौरन भिजवा दी जायें । अब स्वामी जी और उनके आदमियों से मैंने भी रिक्वेस्ट किया कि वह उतर आयें । डी०एस०पी० तिवारी साहब के, जो इलाके में थे, कहने के बाद वह लोग उतरे । स्वामीजी जेल वैन से और दूसरे लोग ट्रक से । दो गाड़ियां भिजवा दी गईं । उस समय सवा तीन या साढ़े तीन बजे होंगे । जब तक स्वामीजी गाड़ी में थे तब तक कोई आधे, पौने घंटे तक गाड़ियां खड़ी रहीं । मैं उन से रिक्वेस्ट करता रहा कि वह उतर आयें लेकिन उन्होंने नहीं माना । जब डी०एस०पी० तिवारी साहब ने उन से कहा तब स्वामी जी और उन के साथी नीचे उतर आये और साथ की गाड़ियों में चले गये जो वहां खड़ी थीं । उस के बाद एक टैक्सी को जो रेड क्रास रोड से जा रही थी, किसी ने रोका । स्वामी जी उस पर बैठ गये । जिस वक्त टैक्सी चली उस वक्त स्वामी जी ने हैड कांस्टेबल मोहम्मद इसाक से कहा कि मुझे एक कांस्टेबल दे दो, लेकिन उस ने इन्कार कर दिया क्योंकि स्वामी जी गिरफ्तार नहीं थे लेकिन स्वामी जी ने फिर कहा तो उस ने एक कांस्टेबल दे दिया । उस कांस्टेबल ने आ कर यह रिपोर्ट दी कि स्वामी जी कह रहे थे कि टैक्सी थाने की तरफ बढ़ा दी जाये । जब टैक्सी थाने की तरफ बढ़ने लगी तो सिपाही ने पूछा कि टैक्सी थाने क्यों जा रही है । उस ने आल इंडिया रेडियो के पास टैक्सी रुकवाई और उस को छोड़ कर मेरे पास पैदल आ गया । जब श्याम लाल साहब को जो रीगल पार्क चले गये थे मालूम हुआ कि स्वामी जी यहां से चले गये हैं तो वह वहां से चले गये । उस दिन मैं करीब 7 बजे तक पार्लियामेन्ट हाउस पर ड्यटी पर रहा ।

सभापति महोदय : टैक्सी स्वामी जी ने खुद ली या किसी पुलिस आफिसर ने कर दी ?

श्री हरि भवण : सिपाही वहां मौजूद जरूर था लेकिन टैक्सी साधुओं ने या स्वामी जी ने की । जब स्वामी जी ने कहा कि उन को एक आदमी चाहिए तो पहले तो हैड कांस्टबल मोहम्मद इसाक ने कहा कि मैं सिपाही नहीं दूंगा, लेकिन जब उन्होंने दुबारा कहा कि मुझे जरूरत है तो एक आदमी बिठला दिया गया ।

सभापति महोदय : स्वामी जी के पास पैसे तो कोई रहते नहीं, किराया आपने ही दिया होगा ?

श्री हरि भूषण : किराये के बारे में मुझे नहीं मालूम । न हम ने यह टैक्सी मंगाई ।

श्री मानवेन्द्र शाह : टैक्सी का नम्बर क्या था ?

श्री हरि भूषण : यह मुझ नहीं मालूम ।

सभापति महोदय : टैक्सी थाने में क्यों ले गये ?

श्री हरि भूषण : मुझे कुछ नहीं मालूम कि टैक्सी जा किधर रही थी। सिपाही ने मुझे बतलाया कि स्वामी जी टैक्सी थाने ले जा रहे थे ।

सभापति महोदय : स्वामी जी को क्यों नहीं बतलाया कि वह अन्दर न जायें ? गेट पर आप इसीलिये तो खड़े रहते हैं कि कोई अन्दर न जाये । ऐसा कुछ आप ने उन से कहा ?

श्री हरि भूषण : स्वामी जी गेट के सामने नहीं आये। वह चैमरी के पास पहुंचे, अपने साथियों से कुछ कहा और उस के बाद सारे आदमी चले गये ।

श्री पी० राममूर्ति : उस दिन 9 बजे से आप लोग यहां थे तो पुलिस की गाड़ी कब आई थी ?

श्री हरि भूषण : एक ट्रक थाने का सुबह आता है और वह ट्रक उस दिन सुबह नौ बजे हमारे साथ आया । उस में फोर्स आती है । दूसरा ट्रक और एक जेल वैन करीब एक बजे वहां पर और आ गई । उस में 15–20 कांस्टेबुल आये थे । उन्होंने आ कर मुझे कहा कि यह गाड़ियां हमें यहां खड़ी करनी हैं । उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने का हुक्म मिला है क्योंकि आइफैक्स में कुछ झगडे का अंदेशा है और स्टुडेंट्स आ रहे हैं, झगड़ा होने की आशंका है ।

श्री पी० राममूर्ति : एक बजे एक ट्रक और एक जेल वैन भेजी गई और उस के साथ में पुलिस ट्रक भी भेजी गई तो आप को पता है कि यह जेल की गाड़ी को भेजने की क्या जरूरत थी?

श्री हरि भूषण : अक्सर कभी कभी जब ट्रक नहीं मिलत हैं तो जेल की गाड़ियां आ जाती हैं और जो पुलिस फोर्स आता है वह उन्हीं जेल की गाड़ियों में जाता है ।

श्री पी० राममूर्ति : उस दिन सत्याग्रह होगा यह आप को बहुत दिनों से मालूम था और उस के पहले भी यहां पर सत्याग्रह होता था तो उस दिन के वास्ते आप को गिरफ्तार करने

ा न गि फ्तार करने क बारे में कोई हुक्म मिला था क्योंकि आप जानते हैं कि दफ़ा 144 यहां है और जो भी उसको तोड़ता है उस आर्डर को तोड़ता है उसको गिरफ्तार करना आपका फर्ज हो जाता है तो मेरा सवाल है कि उस दिन आप ने क्यों नहीं गिरफ्तार किया ?

श्री हरि भूषण : अगर सत्याग्रही नारे लगाते हुए आयरन गेट के भीतर जांय तो उन्हें हमें गिरफ्तार करना होता है बाक़ी अगर वह शान्ति से नारे लगाते रहें तो हमें गिरफ्तार करने की कोई ज़रूरत नहीं है ।

श्री पी० राममूर्ति : 144 दफ़ा जो लागू है उस में क्या गवर्नमेंट का पुलिस को यह इंस्ट्रक्शन है कि जब आदमी नारे लगाते हुए आयरन गेट के भीतर घुसने की कोशिश करें तभी उन को गिरफ्तार किया जाय ? इस तरह का इंस्ट्रक्शन क्या सिर्फ उस दिन के लिए था या हमेशा के लिए था क्योंकि यह सत्याग्रह और धरना तो बराबर कुछ दिनों से चला आ रहा था ?

श्री हरि भूषण : स्वामी जी और उनके अन्य साथी शांतिपूर्वक बैठे थे और उनसे शांति के भंग होने का ख़तरा नहीं था ।

श्री पी० राममूर्ति : उस के पहले कभी यहां सत्याग्रह हुआ था ?

श्री हरि भूषण : जनाब, उस दिन मैं पहली बार वहां ड्यूटी पर था । मेरे सामने पेश्तर ऐसा कोई नहीं हुआ ।

श्री पी० राममूर्ति : आप ने ऐसा समझा कि जब कोई शख्स इस आयरन गेट के भीतर घुसना चाहता है तभी वह उस सेक्शन 144 को तोड़ता है ?

श्री हरि भूषण : हम को आर्डर ऐसा था कि कोई भी शख्स अगर नारे लगाते हुए गेट के भीतर घुसे तब हमें उसे गिरफ्तार करना है ।

श्री पी० राममूर्ति : हमेशा के लिए ऐसा आर्डर है ?

श्री हरि भूषण : उस दिन यह आर्डर था कि अगर भीड़ नारे लगाते हुए भीतर घुसने की कोशिश करे तब उसे गिरफ्तार करना ।

श्री पी० राममूर्ति : यहां उस वक्त धारा 144 लागू थी जिसके अनुसार अगर 5 शख्स यहां इस कम्पाउंड के अन्दर मिल जांय तो वह उस 144 धारा को तोड़ते हैं यह क्या आप को मालूम है ?

श्री हरि भूषण : उन से ऐसा कोई शांति भंग होने का ख़तरा नहीं था ।

श्री पी० राममूर्ति : एक शख्स अगर भीतर घुसने की कोशिश करे तब फौरन उसे गिरफ्तार किया जाय तो फिर इस सेक्शन 144 की क्या ज़रूरत है ? दूसरे जेल की जो गाड़ी थी वह एक बंद गाड़ी थी तो लोग घुस कैसे गये ? दरवाज़ा उस का किस ने खोला था ?

श्री हरि भूषण : वह गाड़ी बंद नहीं रहती है । जेल की गाड़ी में बड़े बड़े लोहे के सींकचे रहते हैं और वह उनसे ढकी रहती है ।

श्री पी० राममूर्ति : दरवाज़ा जो उस गाड़ी का था उसको क्या यह लोग खुद खोल कर अंदर घुसे ?

श्री हरि भूषण : दरवाज़ा आलरैडी खुला हुआ था । दरवाज़ा उस वैन का ऐसे ही रहता है ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : यह तो आपने कहा कि तीन, चार रोज़ पहले से स्वामी जी वहां धरना दिये बैठे थे तो क्या आप के ज़हन में कोई बात है कि स्वामी जी ने उस रोज़ से पहले आप की गाड़ी में क़दम नहीं रखा था और उस रोज़ उन्होंने क़दम रख दिया अपने साथियों के साथ, तो उस की क्या कोई वजह आप बतला सकते हैं ?

श्री हरि भूषण : जैसा कि पहले जो सब इंस्पैक्टर्स ड्यूटी पर आते रहे हैं उन्होंने बतलाया कि वहां पहले इतना बड़ा मजमा कभी नहीं हुआ है ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : यह इस तरह से सवाल को इवेड करना मुनासिब नहीं है । या तो आप वजह बतलाइये वरना कह दीजिये कि मैं नहीं बतला सकता । आप के ज़हन में कोई वजह ऐसी हो सकती है कि उस दिन क्या समाई स्वामी जी के दिल में कि वह गाड़ी में जा बैठे क्योंकि और दिन भी तो गाड़ियां वहां पर खड़ी रहती थीं और वह उन में नहीं बैठे और उस दिन वह जा कर बैठ गये ?

श्री हरि भवण : उस दिन शायद उनका ऐसा प्रोग्राम रहा हो कि वह जाकर बैठ जांय ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : उन्हें और दिन पकड़ने की वजह नहीं थी । उस दिन 144 तोड़ कर जलूस बना कर वह लोग आगे बढ़े इस वास्ते उन को गिरफ्तार किया । उस दिन नारे लगा कर और लोगों को साथ लेकर आगे बढ़े तो गोया जो लोग कानून तोड़ रहे थे वह और दिन तो खाली बैठे रहते थे उस रोज जलूस बना कर आगे बढ़े और इस वजह से क्या यह ग़लत होगा चूंकि जलूस बना कर आगे बढ़े इस वास्ते उन को गिरफ्तार किया गया ?

श्री हरि भूषण : गिरफ्तार तो उनको किया गया ही नहीं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : मैं कहता हूं आप इंकार कीजिये कि एसा नहीं हुआ ।

श्री हरि भूषण : गिरफ्तार नहीं किया गया था ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : दूसरी बात एक बतलाइये कि जेल वैन जो होती है वह इस एहतियात के लिए लाई जाती है कि अगर किसी को जेल ले जाने की ज़रूरत पड़े तो सवारी मौजूद है या यह कि खाली मुलज़िमों को थाने ले जाने के लिए यह जेल वैन मंगाई जाती है ?

श्री हरि भूषण : जेल वैन अक्सर सिपाहियों को ले जाने और इंतज़ाम करने के वास्ते बुलाई जाती हैं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : अब अगर यह कहा जाय कि वहां पेश्तर इसके कि स्वामी जी और उन के साथी उन गाड़ियों पर जो आप वहां लाये थे बैठे, आप ने जब वह आगे बढ़े पुलिस

वालों ने यह कहा कि आप लोगों ने क़ानून तोड़ा है अब आप गाड़ियों पर बैठिये, ऐसी बात कही गई या नहीं ?

श्री हरि भूषण : ऐसी कोई बात नहीं कही गई ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : अगर कहा जाय कि यह झूठ है ? क्या ऐसी पुलिस वालों की तरफ़ से बात नहीं हुई जो स्वामी जी को कहा गया हो कि आप गिरफ्तार किये गये हैं । आप ने कानून तोड़ा है अब आप गाड़ी में बैठ जाइये ।

श्री हरि भूषण : नहीं साहब किसी ने कुछ नहीं कहा ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : इससे पेश्तर भी जब गिरफ्तारियां हुआ करती हैं तो यहां पर लोग यूं ही जलूस बना कर आते हैं और दरवाज़ पर जब वह आ जाते हैं तो पुलिस उन से कहती है कि आप ने क़ानून तोड़ा है अब आप बैठिये । उन को वार्निंग दी जाती है पहले ।

श्री हरि भूषण : जी, हां । उन को पहले बतलाते हैं कि कानून तोड़ रहे हैं आप इस वक्त और इसलिए गिरफ्तार किया जाता ह ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : कानून तोड़ने की वही हरकत उस दिन भी उन लोगों ने की लेकिन उस दिन आप ने उन्हें वार्निंग नहीं दी ?

श्री हरि भूषण : उस दिन वार्निंग नहीं दी ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : अगर उस सूरत में आप लोगों को गिरफ्तार किया करते थे तो उस दिन गिरफ्तार न करने की क्या वजह थी ? उस दिन यह बात क्यों नहीं हुई ?

श्री हरि भूषण : उस दिन यह बात थी कि स्वामी जी और उनके अन्य साथी नारे वगैरह लगा कर शांत हो चुके थे और उन से शांति भंग होने का खतरा नहीं था । न तो किसी अफसर ने स्वामी जी से कहा कि आप गिरफ्तार हैं और न किसी उन के साथी से ऐसा कहा और न ही यह कहा कि आप गाड़ी पर बैठ जांय । लेकिन स्वामी जी सबसे आगे थे और वह जो जेल वैन तालकटोरा रोड के साथ लगी हुई थी उस में जा बैठे और भी उन के साथ जितने आदमी आ सकते थे वह भी जा बैठे बाक़ी दूसरी ट्रक में चढ़ गये और कुछ आदमी नीचे खड़े रहे । ऐसा उन से किसी ने नहीं कहा कि आप गिरफ्तार हैं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : मैं स्वामी जी को नहीं पूछता मैं आम बात कहता हूं । क्या मैं यह समझूं कि इस से पहले जो गिरफ्तारियां वहां पर की गई हैं वह पीसफुल डिमांस्ट्रेटर्स की नहीं की गई हैं वह हमेशा जब वाएलेंट डिमांस्ट्रेशंस किये गये हैं तभी की गई हैं ?

श्री हरि भूषण : जब आदमियों ने नारे लगाते हुए पार्लियामेंट हाउस की तरफ आयरन गेट से होकर आगे बढ़ने की कोशिश की है तो गिरफ्तारियां की गयी हैं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : अगर पीसफुल डिमांस्ट्रटर्स की गिरफ्तारियां की गई हैं तब आप ने कैसे मान लिया कि उस रोज पीसफुल डिमांस्ट्रेटर्स की गिरफ्तारियां नहीं की जायेंगी ?

श्री हरि भूषण : मैंने अर्ज किया कि जब कोई आदमी आता है, दूर बैठता है पीसफुली नारा लगाता है, तो गिरफ्तारियां नहीं होतीं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आप कहते हैं कि पीसफुल डिमांस्ट्रेशन्स में गिरफ्तारियां नहीं होतीं ?

श्री हरि भूषण : उस के बाद होती हैं जब वह भीतर घुसने की कोशिश करने लगते हैं । जो हमारे आदमी आते हैं उन्हें हम गेट पर लगाते हैं । जब कोई धक्का मुक्की कर के अन्दर जाने की कोशिश करता है उस वक्त उस को रोका जाता है, उस से पेश्तर नहीं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : जिस वक्त यह गिरफ्तारियां हुईं उस वक्त श्याम लाल वहां मौजूद थे या नहीं ?

श्री हरि भूषण : जिस वक्त वह आदमी और स्वामी जी ट्रक में चले गये तो श्याम लाल ने उन से रिक्वेस्ट की कि आप को अरेस्ट नहीं किया गया है, आप गाड़ी से उतरकर उसे खाली छोड़ दीजिये । जब वह गाड़ी से नहीं उतरे तो उन्होंने मुझ से कहा कि मैं अफसरों से कहने के लिये जाता हूं कि यह हालत हो गई है, फिर आता हूं । जब वह वहां से चले गये तो बराबर रिक्वेस्ट करता रहा कि आप अरेस्ट नहीं हैं । यह 3 या साढ़े 3 बजे के करीब की बात है । साढ़े 4 बजे से पहले गाड़ियां नहीं चलीं । लेकिन जब श्री श्याम लाल आये तब गाड़ियां वहां नहीं थीं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आप यह कहते हैं कि श्याम लाल यह कह कर गये कि वह अपने ऊंचे अफसरों से यह कहने के लिये गये कि यह लोग गाड़ी में बैठे हैं और गाड़ियां और जगह मंगाई जा रही हैं । जिस वक्त यह गाड़ियां मांगी गईं, उसका कोई रेकार्ड भी है या यों ही आप लोग यह काम जबानी करते हैं ?

श्री हरि भूषण : रेकार्ड कोई नहीं है । बयान ही है ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : जिस वक्त यह ओरल स्टेट्मैंट मिला कि गाड़ियां और कहीं मंगाई जा रही हैं, आप ने कोई टेलिफोन किया किसी अफसर को कि यह हालत हो गई है, क्या करें ?

श्री हरि भूषण : जब कांस्टेबल मेरे पास आया और कहा कि रीगल पार्क के पास जरूरत है, गाड़ियां फौरन भेज दी जायें, तो मैं ने स्वामी जी से रिक्वेस्ट किया । लेकिन जब उन्होंने नहीं माना और कहा कि हम थाने चलेंगे, तब वहां से गाड़ियां चलीं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : जब यह गाड़ियां रीगल पार्क में मंगाई गई और आप ने यह समझा कि रिक्वेस्ट करने के बाद भी वह लोग उतर नहीं रहे हैं इसलिये आप ने यह आर्डर दिया कि उन्हें थाने पहुंचा दो उस के बाद गाड़ियां ले आओ ?

श्री हरि भूषण : जब एस० पी० साहब का हुक्म आया कि उन गाड़ियों को रीगल पार्क पहुंचा दिया जाये . . .

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप ने गाड़ियों को रीगल पार्क भेजने का यह तरीका मुनासिब समझा कि उन्हें थाने पहुंचा दिया जाये ?

श्री हरि भूषण : गाड़ियां थाने नहीं भिजवाई गई । पहले श्याम लाल चल चुके थे यह बतलाने के लिए कि सिचुएशन ऐसी है . . .

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आप गुफ्तगू इतनी करते हैं लेकिन जवाब नहीं मिलता है । जो गाड़ियां वहां से गईं जिन में यह लोग थाने पहुंचे, क्या आपने उन के लिये कोई इंस्ट्रक्शन्स दिये थे कि गाड़ियों को रीगल पार्क ले जायें तो उन लोगों को कहां छोड़ें ?

श्री हरि भूषण : मैंने पहले उनसे कहा कि गाड़ियां ले जाओ, डी०एस०पी० साहब मौजूद थे, उन्होंने कहा कि गाड़ियां मूव कर लो ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आपका कहना है कि हुक्म था कि गाड़ियां ले जाओ । तो क्या यह ड्राइवर का काम था या जो लोग बैठे थे उनका काम था कि गाड़ियां थाने पहुंचाई गई ?

श्री हरि भूषण : डी०एस०पी० साहब वहां थे, मैं था . . .

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : यह किसकी जिम्मेदारी थी कि यह गाड़ियां थाने होते हुए रीगल पार्क गईं ?

श्री हरि भूषण : ऊपर के अफसर का हुक्म था ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आर्डर ऊपर के अफसर का था, किस मुश्किल से आपने यह बयान किया है । डी०एस०पी० साहब वहां मौजूद थे या आपने ऊपर से कंटैक्ट किया ?

श्री हरि भूषण : आदमी आया ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आदमी चल कर कैसे आ गया ? आपने टेलीफोन किया होगा ?

श्री हरि भूषण : टेलीफोन नहीं किया ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : तो बीच में कैसे आदमी आ गया ? क्या डी०एस०पी० इस रिक्वेस्ट को सुन रहे थे कि रीगल पार्क में गाड़ियों की जरूरत है और वहां उनको भेजना चाहिये ? क्या उनको इसका इलाहम हो गया कि गाड़ियों को भेजा जाये ?

श्री हरि भूषण : यह चक्कर चल रहा था कि रीगल पार्क में कलकत्ते के बारे एक मीटिंग होने वाली है ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आप मेरे सवाल का जवाब दीजिये ।

श्री हरि भूषण : आप मेरी अर्ज तो सुनिये ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : देखिये, मैं अपनी बात का जवाब चाहता हूं । जिस वक्त यह गाड़ियां उन लोगों को थाने में छोड़ कर रीगल पाक गई हैं, आप कहते हैं कि एस०एच०ओ० डी०एस०पी० मौजूद थे । आप कोई वजह बतला सकते हैं कि किस तरह से मालूम हुआ एस० पी० और डी०एस०पी० को कि यहां यह लोग बैठ हुए हैं ये दिक्कत है और यह गाड़ियां मंगाई जा रही हैं ?

श्री हरि भूषण : श्याम लाल पहले चले गये थे और सारे हालात बयान कर दिये थे ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : श्याम लाल ने जो हालात उस वक्त देखे थे, यानी यह कि यह लोग बैठे हुए हैं और रीगल पार्क में गाड़ियों की जरूरत है वही तो जानते थे। सिपाही आया, यह तो श्याम लाल नहीं जानते थे, यह उन्हें कैसे मालूम हो गया ?

श्री हरि भूषण : कौनसा सिपाही आया ?

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : आपने कहा कि सिपाही एस०पी० ने भेजा था कि गाड़ियां ले आओ ?

श्री हरि भूषण : जब यह कहा गया कि गाड़ियां मूव कर दो, उनको मूव किया गया और भेज दिया गया ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : किधर मूव किया गया है ?

श्री हरि भूषण : रीगल पार्क की तरफ ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : फिर इसकी जिम्मेदारी किस पर है कि थाने पर जाकर इन लोगों को उतारा गया यह सोच कर कि यह लोग खुद चले जायेंगे थाने को छोड़कर ?

श्री हरि भूषण : मैंने ड्राइवर से कहा कि वह गाड़ियों को रीगल पार्क ले जाये ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : तो आप यह नहीं बतला सकते कि किसके हुक्म से गाड़ियां थाने पर ले जाई गईं ?

श्री हरि भवण : मुझे नहीं मालूम ।

श्री बलराज मधोक : आप पुलिस में कबसे हैं ?

श्री हरि भूषण : कोई दो साल हो गये ।

श्री बलराज मधोक : किस किस थाने में रहे ?

श्री हरि भूषण : मेरा ट्रेनिंग पीरियड चल रहा है । मेरी पहली पोस्टिंग पार्लियामेन्ट स्ट्रीट थाने में हुई ।

श्री बलराज मधोक : यह पोस्टिंग कब हुई ?

श्री हरि भूषण : अक्तूबर में हुई ।

श्री बलराज मधोक : पार्लियामेंट हाउस में कब-कब ड्यूटी थी ?

श्री हरि भूषण : इस में एक आध बार पहले भी आ चुका हूं । यह तीसरा या चौथा चान्स है ।

श्री बलराज मधोक : क्या इसी प्रकार गवाही तैयार की जाती है यह भी आप को बतलाया गया है ?

श्री हरि भूषण : गवाही में जो असलियत है मैं वही बतला रहा हूं ।

श्री बलराज मधोक : जब आप यहां आये हैं तो क्या आपको पता है कि पार्लियामेन्ट के और थाने के बाहर लोगों को आ कर नारे लगाने का और डिमांस्ट्रेशन करने का अधिकार है ? आखिर यह लोकतंत्री देश है; इस के अन्दर लोग आ कर आवाज उठाते ही हैं; रोज यह होता रहता है ।

श्री हरि भूषण : इस सम्बन्ध में भी मुझे मालूम था कि स्वामी जी वहां हैं और उन का धरना लगा हुआ है ।

श्री बलराज मधोक : जब ऐसा होता है तो क्या उस समय पुलिस की गाड़ियां पुलिस को ले कर आती हैं ?

श्री हरि भूषण : सिर्फ पन्द्रह सिपाही ड्यूटी पर आते हैं उन्हें छोड़ने के लिये गाड़ी आती है और एक गाड़ी खड़ी रहती है ।

श्री बलराज मधोक : रोज ऐसा होता है ?

श्री हरि भूषण : जी हां ।

श्री बलराज मधोक : आप ने कहा कि रीगल पार्क में ट्रक की जरूरत थी; रीगल पार्क में मीटिंग का अनाउंसमेंट किस समय का था ?

श्री हरि भूषण : यह मुझे नहीं मालूम; जब डिमान्ड आई, मैंने ट्रक भिजवा दिया; मीटिंग के बारे में मुझे नहीं मालूम कि किस वक्त थी ।

श्री बलराज मधोक : आप ने कहा कि ए०आइ०एफ०ए० एक्स० हाल में शो होने वाला था; वह किस वक्त था ?

श्री हरि भूषण : उसके बारे में हमें सिर्फ यह मालूम था कि कोई मीटिंग का मामला है और स्टूडेन्ट्स के पथराव करने का अन्देशा है । शो के बारे में मुझे नहीं मालूम कि किस वक्त होने वाला था ।

श्री बलराज मधोक : आप ने चीफ सैक्रेटरी की रिपोर्ट देखी है उसमें आप की भी गवाही है । उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ रिपोर्ट दी है । उस में उन्होंने कहा है कि पुलिस ने जो सत्याग्रही थे उनसे अर्ज किया—शब्द अर्ज लिखा गया है—कि आप वैन में बैठ जाइये, और उनके बैठ जाने के बाद स्वामी जी से कहा गया चूंकि वह पार्लियामेंन्ट के मेम्बर थे इसलिये उनको परसुएड किया गया, कि वह वहां से उतर आयें और टैक्सी में बैठें और टैक्सी में उनके साथ दो कांस्टेबल बैठ जायें । अब आपका कहना है कि वह अपने आप बैठ गये और चीफ सेक्रटरी का कहना है कि उनसे कहा गया बैठने के लिये, तो इनम से सच कौन है और झूठ कौन है ?

श्री हरि भवन : जो कुछ मैं ने मौके पर देखा वह सच था और वही मैंने आपको बतलाया है । ऐसी कोई वहां पर रिक्वैस्ट नहीं की गई । कोई प्रार्थना नहीं की गई ।

श्री जे० एम० इमाम : जब स्वामी जी वैन से उतरे तो उनको आपने कहा कि स्वामी जी आप आज़ाद हैं जिधर जाना चाहें आप जा सकते हैं।

श्री हरि भूषण : स्वामी जी से मैंने यह कहा कि आप उतर आइये आपको हम ने गिरफ़्तार नहीं किया है। स्वामी जी काफ़ी देर तक उतरे नहीं और जब उतरे तो हमने पुनः कहा कि आप आज़ाद हैं जिधर भी जाना चाह जा सकते हैं ?

श्री जे० एम० इमाम : टैक्सी मंगा कर उनको थाने भेजने की क्या जरूरत थी ?

श्री हरि भूषण : थाने में उन्हें नहीं भेजा गया।

श्री जे० एम० इमाम : फिर टैक्सी कहां भेजी गयी ?

श्री हरि भूषण : टैक्सी स्वामी जी ने अपनी मरज़ी से रूकवाई। स्वामी जी के किसी आदमी ने उधर से गुज़रती हुई टैक्सी रोक ली जिस पर स्वामी जी बैठ गये और हैड कांस्टेबुल को कहा कि उन के साथ एक पुलिस मैन दे दे। पहले तो वह सिपाही देने पर राज़ी न हुआ क्योंकि स्वामी जी गिरफ़्तार नहीं थे परन्तु स्वामी जी के दोबारा कहने पर कि मुझे ज़रूरत है सिपाही दो, उसने एक सिपाही स्वामी जी के साथ कर दिया जो उनके साथ टैक्सी में बैठ गया और टैक्सी वहां से चली गई।

श्री जे० एम० इमाम : क्या आप ने उस टैक्सी वाले को थाने ले जाने के लिए कहा था ?

श्री हरि भूषण: मैं वहां गेट पर था। टैक्सी के पास हैड कांस्टेबुल मोहम्मद इसाक़ थे और जैसा मैंने अभी बतलाया स्वामी जी के दोबारा अनुरोध पर एक कांस्टेबुल स्वामी जी के साथ कर दिया गया और वह उनके साथ टैक्सी में बैठ गया और उसके बाद स्वामी जी वहां चले गए।

श्री जे० एम० इमाम : कांस्टेबुल को किधर लेकर जाना है थाने जाना है या कहां ले जाना है इस बारे में कुछ कहा था ?

श्री हरि भूषण : ऐसी कोई इत्तला नहीं दी थी। वह तो स्वामी जी के दो बार कहने से एक कांस्टेबुल उन के साथ बैठा दिया गया था। थोड़ी देर बाद वह सिपाही पैदल वापस आ गया और बतलाया कि स्वामी जी टैक्सी को थाने की तरफ ले जा रहे हैं।

श्री जे० एम० इमाम : आप के कहने से वह टैक्सी में बैठे थे ?

श्री हरि भूषण : ऐसा कुछ नहीं कहा गया था कि हम टैक्सी देंगे। वह तो एक टैक्सी उधर से गुजरी जो स्वामी जी के किसी आदमी ने रोक ली जिस पर कि स्वामी जी बैठ गये।

श्री पी० रामामूर्ति : जब स्वामी जी ने कांस्टेबुल मांगा तो क्या आपने पूछा कि उन्हें कांस्टेबुल क्यों चाहिए और वह कहां जाने वाले हैं।

श्री हरि भूषण : जब स्वामी जी उतर आए उसके बाद मैं अपनी ड्यूटी पर वापस गेट पर आ गया। हैड कांस्टबुल मोहम्मद इसाक़ जो वहीं पर खड़ा था उसी को स्वामी जी ने एक कांस्टबुल देने को कहा। पहले तो वह सिपाही देने पर राज़ी न हुआ क्योंकि स्वामी जी गिरफ़तार नहीं थे परन्तु स्वामी जी के दौबारा कहने पर उसने एक सिपाही स्वामी जी के साथ कर दिया। उसके बाद मुहम्मद इसाक़ मेरे पास आ गया। थोड़ी देर बाद वह सिपाही पैदल वापस आ गया और बतलाया कि स्वामी जी ने टैक्सी को थाने चलने के लिए कहा था और चूंकि वह स्वामी जी को थाने ले जाने पर राज़ी न हुआ और स्वामी जी थाने जाने पर क़ायम थे इसलिए वह आल इंडिया रेडियो के पास से टैक्सी से उतर कर वापस चला आया।

श्री पी० रामामूर्ति : स्वामी जी ने कांस्टेबुल मांगा और उनको सिपाही दे दिया गया तो अगर मैं भी कांस्टेबुल मांगू तो मुझे भी आप कांस्टेबुल दे दीजियेगा ?

श्री हरि भूषण : अगर मैं मौके पर होता तो मैं ने जरूर कांस्टेबुल देने से मना कर दिया होता। यह तो हैड कांस्टेबुल मोके पर था। स्वामी जी ने उससे एक पुलिस का सिपाही मांगा और जब उसने इंकार किया तो उस पर स्वामी जी नाराज़ होने लगे और कहा कि मुझे कांस्टेबुल की ज़रूरत है, मुझे एक कांस्टेबुल दो, उसने स्वामी जी को एक कांस्टेबुल दे दिया। मैं ने देने से मना कर दिया होता।

(श्री हरि भूषण की गवाही समाप्त)

(The witness then withdrew.)

Evidence of Sub-Inspector Sham Lal

(सब-इंस्पेक्टर श्याम लाल को शपथ दिलाई गई)

सभापति महोदय : आप 5 अप्रैल को पार्लियामेंट के सामने खड़े थे ?

श्री श्याम लाल : जी हां।

सभापति महोदय : वहां स्वामी ब्रह्मानन्द और उनके कई साथी भी मौजूद थे ?

श्री श्याम लाल: स्वामी ब्रह्मानन्द वहां मौजूद थे। मेरे आने के बाद आहिस्ता-आहिस्ता उनके पास लोग इकट्ठे होते रहे।

सभापति महोदय : कितने आदमी थे ?

श्री श्याम लाल : 3 सवा 3 बजे तक करीब डेढ़ या दो सौ वह लोग हो गये।

सभापति महोदय : आप कितने समय तक वहां रहे?

श्री श्याम लाल : मैं करीब 11 बजे के वहां पहुंचा।

सभापति महोदय : 11 बजे से कब तक वहां खड़े थे ?

श्री श्याम लाल : करीब साढ़े चार बजे तक।

सभापति महोदय : वहां पर जो लोग आये थे वह सब गोहत्या बन्दी के लिये आये थे, यह आपको मालूम है ।

श्री श्याम लाल : वह वहां बैठे थे, उन्होंने कोई ऐसा खास नारा नहीं लगाया था ।

सभापति महोदय : तो वह शांतिपूर्वक बैठे थे ? फिर क्या हुआ ?

श्री श्याम लाल : कोई साढ़े तीन बजे के करीब या उससे थोड़ी देर बाद तक वह लोग वहां बैठे थे । स्वामी ब्रह्मानन्द पुलिस की खड़ी गाड़ी में चढ़ गये और उनके साथ जो आदमी थे उन्होंने पुलिस की गाड़ी में चढ़ना शुरू किया ।

सभापति महोदय : आपने उनको मना किया ?

श्री श्याम लाल : मैंने उनसे कहा कि आप गाड़ी पर मत चढ़ें, आपको न किसी किस्म से गिरफ्तार किया है और न गिरफ्तार कर रहे हैं । लेकिन उन्होंने नहीं माना और चढ़ गये । उनके साथ के आदमी भी चढ़ गये ।

सभापति महोदय : कितने आदमी चढ़े ?

श्री श्याम लाल : उस वक्त दो गाड़ियां भरी हुई थीं । मैंने उनकी काफी मिन्नत समाजत की उसके बाद जब वह नहीं उतरे और कहना नहीं माना तो चूंकि हिदायत थी अफसरों की कि उनको गिरफ्तार नहीं किया जायेगा, इसलिये मैं अफसरों से हिदायत लेने के लिये रीगल पार्क पहुंचा ।

सभापति महोदय : आप साढ़े चार बजे तक वहां मौजूद थे और यह घटना 3 बजे के करीब हुई ?

श्री श्याम लाल : वह साढ़े तीन बजे के बाद हुई ।

सभापति महोदय : उसके बाद एक घंटा तक आप वहां मौजूद थे । उस समय वहां क्या-क्या हुआ ?

श्री श्याम लाल : हमें उनसे मिन्नत समाजत करनी पड़ी कि वह उतर जायें, लेकिन उन्होंने मेरी प्रार्थना को नहीं माना । उसके बाद करीब साढ़े चार बजे मैं आफिसरों के पास मजीद हिदायत लेने के लिये गया कि क्या किया जाये । जब मैं रीगल पहुंचा तो सब अफसर वहां मौजूद थे । उन्होंने हिदायत दी कि उनको गिरफ्तार नहीं करना है । अगर किसी किस्म का खतरा नहीं है तो गिरफ्तार करने की कोई जरूरत नहीं है । बहुत से इन्तजामात हैं ।

सभापति महोदय : आफिसर्स से मिलने की क्या जरूरत पड़ी ?

श्री श्याम लाल : पहले तो इन्स्ट्रक्शन्स थीं कि गिरफ्तार नहीं करना है ।

सभापति महोदय : वहां जाकर पूछने की क्या जरूरत थी जब पहले से इंस्ट्रक्शन्स थीं ?

श्री श्याम लाल : पहली इंस्ट्रक्शन्स के बारे में मुझे बतलाया गया था।

सभापति महोदय : जब पहले इंस्ट्रक्शन्स थीं तब जाने की क्या जरूरत थी ?

श्री श्याम लाल : मैं एस० पी० और डी० एस० पी० से पूछना चाहता था कि क्या यह वाकई दुरुस्त बात है।

सभापति महोदय : जब आफिसर ने पहले कहा कि गिरफ्तार करने की जरूरत नहीं और आप गिरफ्तार नहीं कर रहे थे तो फिर वैरिफाई करने की क्या जरूरत थी ?

श्री श्याम लाल : इसलिये जरूरत पड़ी कि वह बैठ गये थे और उतर नहीं रहे थे। अगर नहीं उतरते तो क्या किया जाये ?

सभापति महोदय : फिर क्या किया ?

श्री श्याम लाल : जब उन्होंने कहा कि गिरफ्तार नहीं किया जायेगा तो मैं वापस आ गया। हरि भूषण एस० आई० मौजूद थे। जब मैं वहां पहुंचा तो ट्रक नहीं थे और न स्वामी ब्रह्मानन्द थे। वहां पर मुझे मालूम हुआ कि स्वामी ब्रह्मानन्द किसी टैक्सी पर गये हैं। बाकी जो दो ट्रक हैं उनको उन्होंने अरेंजमेंट के लिये मंगाया है, जिनकी रीगल पार्क में जरूरत थी। वहां जगदेव सिंह को भाषण करना था। इसलिये सब लोग वहां मौजूद थे। वहां पर उनको भेजा गया है।

सभापति महोदय : ट्रक पुलिस थाने पर कैसे पहुंचे ? सीधे रीगल पार्क नहीं गये यह कैसे हुआ जबकि आप ने रीगल पार्क जाने के लिये कहा था ?

श्री श्याम लाल : वह मेरे पहुंचने से पहले चली गई थी।

सभापति महोदय : क्या आप को मालूम हुआ कि वह पुलिस स्टेशन गई, रीगल पार्क नहीं ?

श्री श्याम लाल : जब मैं हरि भूषण से मिला तब उन्होंने मझे बतलाया। उन्होंने कहा कि चूंकि ट्रक जाने थे और उस में जो आदमी भरे हुए थे वह उतरने के लिये तैयार नहीं थे इसलिये ड्राइवर को कहा कि वहां से ले जाये। जब उतर जायें तो फिर आगे ले जाये।

सभापति महोदय : उन्होंने कहा कि ट्रक थाने की ओर ले जायें ?

श्री श्याम लाल : जी हां, वहां से ले जायें और जहां वह उतर जाते हैं वहां से आगे चला जाये।

सभापति महोदय : आप को कुछ और कहना है इस घटना के बारे में ?

श्री श्याम लाल : कोई अरैस्ट नहीं हुआ और न कोई और बात हुई।

श्री पी० रामामूर्ति : जब आप ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानन्द ने कोई नारा नहीं लगाया। मैं मानता हूं कि वह बैठ गये, अपने सामान को गाड़ी में रखवाया और वहां से गाड़ी में चले गये।

लेकिन जिसने आप के पहले गवाही दी, यानी हरि भूषण ने कहा था कि स्वामी जी ने नारा लगाया और उस के बाद और साधुओं से कहा कि चलो गाड़ी पर बैठ जाओ। उसके बाद वह बैठे। आप कहते हैं कि उन्होंने कोई नारा नहीं लगाया।

श्री श्याम लाल : मेरे सामने कोई नारा नहीं लगाया।

श्री पी० रामामूर्ति : जिस वक्त स्वामी जी गाड़ी पर बैठे, उस समय क्या आप कहीं और गये हुए थे ?

श्री श्याम लाल : मैं वहीं था।

श्री पी० रामामूर्ति : साढ़े चार बजे आप रीगल पार्क गये आफिसर से पूछने के लिये। जब आप वहां गये तो उन्होंने कहा कि आज उनको गिरफ्तार करने की जरूरत नहीं।

श्री श्याम लाल : उन्होंने कहा कि गिरफ्तार करना ही नहीं है।

श्री पी० रामामूर्ति : आप ने उन से कहा नहीं कि वह गिरफ्तार नहीं हुए हैं लेकिन गाड़ी में बैठे हुए हैं, उन का क्या किया जाये ?

श्री श्याम लाल : वही पूछने तो गया था।

श्री पी० रामामूर्ति : उन्होंने क्या कहा ?

श्री श्याम लाल : उन्होंने कहा कि किसी तरीके से उतार दो।

श्री पी० रामामूर्ति : जब आप वापस आये तब गाड़ी वहां नहीं थी। चूंकि रीगल पार्क में गाड़ी की जरूरत थी इसलिये आप के आने के पहल ही गाड़ी वहां भेज दी गई थी। न आपने पूछा कि किसके हुक्म से गाड़ी वहां भेजी गई, और न किसी ने आपको कुछ बतलाया ?

श्री श्याम लाल : कोई आदमी आया था जिसने कहा था।

श्री पी० रामामूर्ति : कहां से आया था ? रीगल पार्क से ?

श्री श्याम लाल : कहीं से आया होगा।

श्री पी० रामामूर्ति : जब आप रोगल पार्क पहुंचे तब एस० एस० पी० या जो दूसरे आफिसर्स बैठे हुए थे उनमें से किसी ने आपको यह नहीं बतलाया कि हमने पहले आर्डर भेज दिया है कि गाड़ियों को वहां से रीगल पार्क भेज दिया जाये ?

श्री श्याम लाल : उन्होंने यह कहा था कि गाड़ियां यहां भेजो।

श्री पी० रामामूर्ति : मैं सिर्फ इतना पूछना चाहता हूं कि क्या पहले इसला भेज दी गई है गाड़ियों को भेजने के लिये, यह आपको नहीं बतलाया गया ?

श्री श्याम लाल : मैंने उनसे पूछा ही नहीं कि आपने गाड़ियां मंगवाई हैं या नहीं। उन्होंने यही कहा कि गाड़ियां भिजवा देना।

श्री पी० रामामूर्ति : आप ने नहीं पूछा, लेकिन उन्होंने अपने आप नहीं कहा कि हमने इत्तला भेज दी है कि गाड़ियों को भिजवाया जाये ?

श्री श्याम लाल : जी नहीं ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : यह जिस वक्त लोग गाड़ी पर बैठे हुए थे उनके बैठने से कुछ देर पहले आप को यह मालूम हो गया था कि उन की नीयत गाड़ियों में बैठने की है, यह सही है या नहीं ? आप को उनके बैठने से कुछ देर पहले मालूम हो गया था कि उन की नीयत गाड़ियों में बैठने की है ?

श्री श्याम लाल : जी हां ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : जब आप की कोई नीयत उन को गिरफ्तार करने की नहीं थी तो कोई वजह बतला सकते हैं कि आप ने वहां से वह गाड़ियां क्यों नहीं हटवा दीं ?

श्री श्याम लाल : उस दिन एक और इंतजाम था ।

श्री आनन्द नारायण मुल्ला : मैंने इंतजाम को नहीं पूछा । यहां पर आप गिरफ्तार करना नहीं चाहते थे और उनके बैठने से पेश्तर आप को यह मालूम हो गया था कि यह लोग गाड़ियों में बैठने वाले हैं तो वह जो आप की नीयत थी उस को पूरा करने के लिए क्या आप को यह मनासिब नहीं मालूम हुआ कि अगर हम गाड़ियां ही यहां से हटवा देते हैं तो यह बैठेंगे किस पर ?

श्री श्याम लाल : वह शांतिपूर्वक थे ।

